gradeup SUPER

MP Specific Current Affairs Digest

मध्य प्रदेश विशिष्ट सम-सामयिक

May 2021

www.gradeup.co

Sahi Prep Hai To Life Set hai

MP Specific Current Affairs: May 2021 (Hindi)

यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की संभावित सूचि में शामिल दो स्थल

सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व और जबलपुर के भेड़ाघाट-लम्हेटा घाट यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थल की संभावित सूचि में शामिल किया गया है |

अन्य तथ्य-

- सतपुड़ा टाइगर रिज़र्व और भेड़ाघाट-लम्हेटा घाट इन दोनों स्थलों को विश्व धरोहर की प्राकृतिक श्रेणी की संभावित सूचि में शामिल किया गया है |
- अगले चरण में इन स्थलों का नॉमिनेशन डोजियर यूनेस्को द्वारा निर्धारित प्रक्रिया के तहत भेजा जाएगा |
- संभावित स्थलों की सूचि में विशिष्ट विशेषताओं वाले स्थलों को ही शामिल किया जाता है |
- इस उपलब्धि में मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड, वन विभाग और वाइल्ड लाइफ इंस्टिट्यूट देहरादून का विशेष योगदान रहा है |
- गौरतलब है कि मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड ने मध्य प्रदेश में संभावित स्थलों की पहचान एवं उनकी विशेषताओं के आधार पर उत्कृष्ट स्थलों के चयन का कार्य देहरादून स्थित डब्ल्यू.आई.आई. केटेगरी-2 सेंटर को सौंपा गया था |

आपका संबल आपकी सरकार योजना

श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 4 मई को जन-कल्याण संबल योजना में 16 हजार 844 असंगठित श्रमिक परिवारों के बैंक खाते में 379 करोड़ रूपये सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित किया गया ।

संबल योजना-

- संबल योजना प्रदेश के श्रमिक परिवारों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के साथ परिवारों को आधार प्रदान करने वाली योजना है।
- इस योजना के अन्तर्गत श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की दुर्घटना मृत्यु पर 4 लाख रूपये की राशि उनके आश्रितों को प्रदान की जाती है।
- इसी तरह सामान्य मृत्यु तथा स्थायी अपंगता पर श्रमिक परिवारों को दो-दो लाख रूपये की अनुग्रह राशि मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना में दी जाती है।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- योजना में आंशिक स्थायी अपंगता पर एक लाख रूपये उपलब्ध कराने और अन्त्येष्ठि सहायता के रूप में 5 हजार रूपये दिये जाने का प्रावधान किया गया है ।

मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना -

- मुख्यमंत्री जन-कल्याण संबल योजना असंगठित क्षेत्र के गरीब श्रमिक परिवारों के लिए संबल प्रदान करने का कार्य कर रही है।
- योजना प्रारंभ होने से अब तक प्रदेश के 2 लाख 28 हजार हितग्राहियों को 1907 करोड़ रूपये से अधिक की राशि वितरित की जा चुकी है।
- पिछले वित्तीय वर्ष में कोरोना महामारी जैसी विषम परिस्थितियों में भी 72 हजार से अधिक हितग्राहियों के बैंक खाते में 582 करोड़ रूपये हितलाभ वितरित किये गये थे ।

मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना

हाल ही में मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा 7 मई को 'मुख्यमंत्री किसान-कल्याण योजना' अंतर्गत प्रदेश के 75 लाख किसानों के खाते में 1500 करोड़ रूपये अंतरित किये गये ।

अन्य तथ्य-

- मध्य प्रदेश राज्य सरकार ने सितंबर 2020 में किसानों को आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाने के लिए मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना की शुरुआत की थी ।
- इस निधि योजना के तहत किसानों को मध्यप्रदेश शासन की ओर से प्रतिवर्ष 4 हजार रूपये दो किश्तों में दिया जाता है ।
- इन किसानों को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि में भी प्रतिवर्ष तीन किस्तों में 2-2 हजार रूपये प्रदान किया जा रहा है ।

वैद्य आपके द्वार योजना

आयुष राज्य मंत्री श्री रामकिशोर कावरे द्वारा 7 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 'वैद्य आपके द्वार योजना' का शुभारंभ किया गया । इसके साथ ही 'योग से निरोग कार्यक्रम' की प्रगति और 'काढ़ा वितरण' की समीक्षा भी की गयी थी ।

अन्य तथ्य-

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- इस योजना में आयुष की तीनों विधाओं आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी का लाभ लिया जा सकता है ।
- नागरिक एन्ड्राइड फोन में गूगल प्ले स्टोर से 'आयुष क्योर' (AyushQure) एप डाउनलोड कर इस सुविधा का लाभ ले सकते हैं ।
- आयुष विभाग ने सामान्य जन को आयुष स्वास्थ्य सेवा सहजता से घर पर ही सुलभ कराने के उददेश्य से इस योजना को टेलीमेडिसिन एप के माध्यम से उपलब्ध कराया है ।

उपयोग का तरीका

- 'आयुष क्योर' एन्ड्राइड पर आधारित एक एप है। यह गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड किया जा सकेगा ।
- मोबाइल नम्बर द्वारा पंजीयन/साइन अप तथा ओ.टी.पी. के माध्यम से सत्यापन होने के बाद आयुष चिकित्सा पद्धति आयुर्वेद, होम्योपैथी और यूनानी के अनुसार चिकित्सक तथा समय चुनकर अपॉइटमेंट बुक कर सकेंगें ।
- चुने गये चिकित्सक द्वारा निर्धारित समयानुसार ही एप के माध्यम से वीडियों कॉल कर चिकित्सा परामर्श दिया जायेगा एवं परामर्श पत्र प्रेषित किया जा सकेगा ।

मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना

मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान द्वारा कोविड उपचार योजना लागू की गई है। इस योजना में आयुष्मान कार्डधारी परिवारों का नि:शुल्क कोविड उपचार करने के लिए महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये हैं |

विशेष तथ्य-

- लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा योजना की जानकारी एवं क्रियान्वयन के लिये समस्त कलेक्टर्स और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों को पत्र जारी किया है ।
- इस योजना के तहत आयुष्मान पैकेज की दरों में 40 प्रतिशत की वृद्धि कर उनको वर्तमान में उपचार के लिये प्रायवेट अस्पतालों की दरों के समकक्ष लाया गया है ।
- इसमें विशेष जाँचों जैसे सीटी स्केन, एमआरआई आदि की अधिकतम सीमा जो पूर्व में 5 हजार रूपये प्रति परिवार प्रतिवर्ष थी, इसे संशोधित कर वर्ष 2021-22 में कोविड-19 के उपचार हेतु भर्ती कार्डधारियों के लिए 5 हजार रुपये प्रति कार्डधारी कर दिया गया है ।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- जिला स्वास्थ्य समिति को जिला स्तर पर कोविड-19 के इलाज के लिए सार्थक पोर्टल पर पंजीकृत निजी अस्पताल को आयुष्मान भारत योजना में तीन माह के लिए अस्थायी सबद्धता प्रदान करने के लिए अधिकृत किया गया है ।
- आर्थिक रूप से कमजोर आयुष्मान कार्डधारी परिवारों का निःशुल्क कोविड उपचार कराया जा सकेगा |
- जिले के समस्त ऐसे निजी अस्पताल जो मेडिसिन विशेषज्ञता रखते हुए कोविड उपचार कर रहे हैं, उन्हें सार्थक पोर्टल पर पंजीबद्ध होना चाहिए ।

पात्र परिवार के प्रत्येक सदस्य का आयुष्मान कार्ड

- मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना के अंतर्गत आयुष्मान भारत योजना में पात्र परिवार के प्रत्येक सदस्य को कार्ड उपलब्ध कराया जाएगा ।
- कोविड-19 के नि:शुल्क उपचार के लिये विशेष अभियान चलाकर सुनिश्चित किया जा सकेगा कि आयुष्मान पात्र परिवारों के प्रत्येक सदस्य को पृथक कार्ड मिल सके और उनका निःशुल्क कोविड उपचार किया जा सके ।
- कोई भी आयुष्मान कार्ड की पात्रता रखने वाले परिवार के पास यदि आयुष्मान कार्ड नहीं है और उसे कोविड होने के कारण उपचार की आवश्यकता है, तो भी इनका निःशुल्क इलाज सुनिश्चित किया जाएगा ।

कार्ड के बिना उपचार-

यदि आयुष्मान कार्डधारक के परिवार का कोई सदस्य जिसका आयुष्मान कार्ड नहीं बना है और वह कोविड पॉजीटिव होकर उपचार के लिये अस्पताल में पहुँचता है तो वह तीन तरह से अस्पताल में प्रवेश पा सकेगा:-

1.परिवार के किसी सदस्य का आयुष्मान कार्ड एवं खाद्यान्न की पर्ची, जिसके माध्यम से यह पता चलता है कि वह आयुष्मान कार्डधारक के परिवार का सदस्य है।

2.आयुष्मान कार्डधारी परिवार के एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड एवं उसके साथ समग्र आई.डी का प्रस्तुतीकरण, जिसके माध्यम से यह पता चलता हो कि वह आयुष्मान कार्डधारक परिवार का सदस्य है।

3. परिवार के एक सदस्य का आयुष्मान कार्ड एवं साथ में किसी भी शासकीय विभाग के राजपत्रित अधिकारी का इस बावत प्रमाणीकरण कि वह आयुष्मान कार्डधारक के परिवार का सदस्य है। शासकीय अधिकारी इस हेतु समग्र पोर्टल के माध्यम से सत्यापित कर सकते हैं कि वह आयुष्मान कार्डधारी के समग्र आई.डी. परिवार का सदस्य है।

Follow us on Telegram Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams 137K subscribers Subscribe Now

कार्डधारियों के एडमिशन एवं उपचार के लिये नोडल अधिकारी

- योजना में आयुष्मान संबंद्ध कोविड अस्पतालों में आयुष्मान कार्डधारियों का एडमिशन एवं उपचार बिना किसी बाधा के सुगमतापूर्वक हो सके यह सुनिश्चित किया जाएगा।
- इसके लिये जिले में अपर कलेक्टर से अनिम्न स्तर के अधिकारी को नोडल अधिकारी और कोविड उपचार हेतु अधिकृत प्रत्येक आयुष्मान संबंद्ध अस्पताल के लिये शासकीय अधिकारी को प्रभारी अधिकारी बनाया जायेगा।
- आयुष्मान योजना के कार्डधारियों के कोविड उपचार के लिए चिन्हित आयुष्मान अस्पतालों में सुगमता पूर्वक प्रवेश एवं उपचार हेतु यह नोडल अधिकारी एवं प्रभारी अधिकारी निरंतर कार्य करेंगे तथा फोन पर उपलब्ध रहेंगे।
- कोई भी आयुष्मान कार्डधारी प्रवेश में सहायता हेतु अथवा किसी प्रकार की दिक्कत आने पर नोडल या प्रभारी अधिकारी से सम्पर्क कर सकता है। इस हेतु डी.सी.सी.सी. के दूरभाष अथवा जिले के अन्य कंट्रोल रूम का नम्बर व्यापक रूप से प्रसारित किया जाये।

शिकायत निवारण के लिये विशेष सेल

आयुष्मान कार्डधारियों की कोविड उपचार के संबंध में कोई शिकायत प्राप्त होने पर कार्यवाही करते हुए जाँच के लिये एक विशेष सेल बनाये जाने के निर्देश भी दिये गये हैं। ताकि किसी भी दशा में कोई भी आयुष्मान कार्डधारी सुगमता पूर्वक प्रवेश व कोविड उपचार से वंचित न रहे। मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना में प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों को पूर्णत संवेदनशीलता के साथ निःशुल्क कोविड उपचार उपलब्ध करवाया जाना सुनिश्चित किया जाये।

मुख्यमंत्री कोविड उपचार योजना के घटक

प्रथम घटक

- प्रदेश के समस्त शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय द्वारा संचालित अस्पताल, समस्त जिला चिकित्सालय, समस्त सिविल अस्पताल एवं कोविड उपचार करने वाले सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर प्रदेश सरकार द्वारा समस्त कोविड मरीजों को पूर्णतः निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।
- इस हेतु शासकीय अस्पतालों में 395 आई.सी.यू./एच.डी.यू. बेड, 13 हजार 334 ऑक्सीजनयुक्त बेड एवं 20 हजार 601 आइसोलेशन बेड उपलब्ध कराये गये है। इसमें निरंतर वृद्धि करने के प्रयास चल रहे है ।

द्वितीय घटक

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- प्रदेश के कुछ जिलों में निजी चिकित्सा महाविद्‌यालयों द्‌वारा संचालित अस्पतालों में आवश्यक संख्या में आईसोलेशन एवं आई.सी.यू./ एच.डी.यू. बेड अनुबंधित किये गये है। वर्तमान में 3675 विभिन्न श्रेणी के बेडस उपलब्ध है।
- समस्त अनुबंधित बेड पर भर्ती होने वाले प्रदेश के कोविड़ मरीजों को पूर्णतः निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है।

तृतीय घटक

- प्रदेश के आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के निःशुल्क उपचार हेतु आयुष्मान योजना के अंतर्गत आयुष्मान कार्ड बनाये गये हैं। इस कार्ड के माध्यम से यह कार्डधारी आयुष्मान संबद्‌ध अस्पताल में निःशुल्क उपचार प्राप्त कर सकते हैं।
- राज्य शासन ने संबद्‌ध अस्पतालों में 20 प्रतिशत बेडस आयुष्मान हितग्राहियों के लिए आरक्षित रखने के निर्देश भी दिये है।

मध्यप्रदेश इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस में दूसरे स्थान पर

7 मई को जारी एक रिपोर्ट के अनुसार मध्यप्रदेश ने इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस में दूसरा स्थान प्राप्त किया है। अखिल भारतीय इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (iRAD) एप प्रोजेक्ट के 6 पायलट राज्यों में मध्यप्रदेश पुलिस का प्रदर्शन सराहनीय रहा है।

विशेष तथ्य-

- प्रदेश में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं की रियल टाइम डेटाबेस एंट्री के लिए इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (iRAD) एप प्रदेश में पॉयलट प्रोजेक्ट के रूप में सबसे पहले प्रारंभ किया गया था, जिसमें 11 लाइट हाउस जिलों को जोड़ा गया था।
- सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने इंटिग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डेटाबेस एप (आईआरएडी) योजना लागू की गयी है ।
- हाइवे के किस स्पॉट पर कितने हादसे हुए, कितनों की मौत हुई, कितने घायल हुए और हादसे की वजह क्या रही। इन सभी तथ्यों की जानकारी एक क्लिक पर मिल सकेगी |
- इस एप के जरिए सड़क दुर्घटनाओं के डेटाबेस के विश्लेषण से भविष्य में होने वाली सड़क दुर्घटनाओं को रोकने की रणनीति बनाने एवं क्रियान्वित करने में सहयोग मिला ।
- इंटीग्रेटेड रोड एक्सीडेंट डाटाबेस (iRAD) एप को शुरूआत में 6 पॉयलट राज्यों उत्तरप्रदेश, कर्नाटक, महाराष्ट्र, तमिलनाडु, राजस्थान तथा मध्यप्रदेश में शुरू किया गया था ।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- मध्यप्रदेश में 47 जिलों में यह iRAD एप क्रियाशील है, जिनमें जिला सागर और जबलपुर का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा है।
- जिला सागर एवं जबलपुर का सड़क दुर्घटनाओं का डाटा एंट्री क्रमश: 816 (13%) एवं 801 (13%) रहा है। iRAD एप के क्रियान्वयन में पुलिस विभाग एवं एनआईसी के अधिकारियों का योगदान महत्वपूर्ण हैं ।
- योजना के तहत दुर्घटना स्थल पर पुलिस मोबाइल एप पर विवरण दर्ज करती है। घटना के कारण प्रभावित व्यक्ति का नाम, उम्र, पता, लाइसेंस संख्या, स्थान, दुर्घटना का संभावित कारण, गति, फोटो, वीडियो आदि अपलोड किया जाता है।
- डाटा फीड होने के बाद संबंधित जानकारी स्वत: परिवहन, पीडब्लूडी, राष्ट्रीय राजमार्ग व नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंच जाती है। इसके बाद संबंधित व्यक्ति तक मदद पहुंचाना आसान होता है। साथ ही दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु के कारणों की जांच कर उनमें कमी लाने का प्रयास भी किया जाना संभव होता है ।

राष्ट्रीय पेंशन योजना प्रणाली में राज्य का अंशदान बढ़ाकर 14 प्रतिशत किया गया

मध्य प्रदेश शासन ने राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) में अपना योगदान चार प्रतिशत बढ़ा दिया है। राज्य ने राष्ट्रीय पेंशन योजना में शासकीय अंशदान 10 प्रतिशत से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया। 28 मई से राज्य के वित्त विभाग ने इसके आदेश जारी कर दिए हैं ।

प्रमुख तथ्य-

- उल्लेखनीय है कि वर्ष 2005 के बाद भर्ती अधिकारियों-कर्मचारियों के लिए अंशदायी पेंशन योजना लागू है। इसके तहत जितना अंशदान कर्मचारी जमा करते हैं, उतनी ही राशि राज्य व केंद्र सरकार भी मिलाती है।
- केंद्र सरकार ने कर्मचारियों के लिए एक अप्रैल 2019 से अंशदान 10 से बढ़ाकर 14 प्रतिशत कर दिया गया था |
- 11 मई को हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दे दी गई । अब राज्य सरकार का अंशदान 14 फीसदी हो जाएगा। इससे कर्मचारियों को सेवानिवृत्ति के बाद मिलने वाली पेंशन बढ़ जाएगी।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

वृहद वृक्षारोपण : अंकुर कार्यक्रम

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में प्रदेश में हरियाली बढ़ाने के लिए जन सहभागिता के माध्यम से वृहद वृक्षारोपण 'अंकुर कार्यक्रम' इस मॉनसून में प्रारंभ किया जा रहा है। इसमें विजेताओं को प्राणवायु अवॉर्ड प्रदान कर सम्मानित किया जायेगा।

विशेष तथ्य-

- अंकुर कार्यक्रम के अंतर्गत जन सहभागिता द्वारा वृहद् वृक्षारोपण अभियान में पंजीयन 'वायुदूत एप्प' के माध्यम से किया जा सकेगा |
- एक सप्ताह के भीतर 6,770 लोगों ने इस एप्प में अपना पंजीयन कराया है |
- इसके अतिरिक्त 1,216 से अधिक लोगों ने अपने पौधों का चित्र भी 'वायुदूत एप्प' के माध्यम से अपलोड किया गया है ।
- 'अंकुर कार्यक्रम' का उद्देश्य प्रदेश को अधिक हरा-भरा और समृद्ध बनाना है |
- अंकुर कार्यक्रम में जन सहभागिता द्वारा वृहद वृक्षारोपण अभियान मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान चयनित विजेताओं को प्राणवायु अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा, जिसके तहत विजेताओं को वृक्ष वीरों और वृक्ष वीरांगनाओं के रूप में जाना जाएगा।

मध्य प्रदेश पर्यटन का ट्रैवल शो : 'द जिप्सी'

मध्य प्रदेश पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए, दुनिया के पहले 4K इंटरनेशनल ट्रैवल चैनल ट्रैवलएक्सपी ने मध्य प्रदेश के पर्यटन स्थलों पर आधारित एक ट्रैवल शो 'द जिप्सी' का निर्माण किया है, जो 28 मई से 19 जून 2021 तक लाइव होगा।

अन्य तथ्य-

- मध्य प्रदेश पर्यटन बोर्ड के अनुसार ट्रैवलएक्सपी के सहयोग से प्रदेश को विश्व के यात्रा-प्रेमियों तक पहुँचने में मदद मिलेगी |
- मध्यप्रदेश पर्यटन बोर्ड ने इस ट्रैवल शो को बनाने में एसोसिएट पार्टनर की भूमिका निभायी है ।
- कार्यक्रम को ट्रैवलएक्सपी इंडिया फ़ीड, ट्रैवलएक्सपी तमिल, ट्रैवलएक्सपी (यूरोप), ट्रैवलएक्सपी 4के यूएसए, ट्रैवलएक्सपी (जर्मनी) और यूके (राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय) चैनलों पर प्रसारित किया जायेगा।
- ट्रैवलएक्सपी के साथ साझेदारी एमपी टूरिज्म की मध्यप्रदेश के टूरिज्म को प्रचार करने की रणनीति के लिए एक अहम कदम है, जो मध्यप्रदेश टूरिज्म को नीदरलैंड, बुल्गारिया, दुबई, यूके, आयरलैंड और भारत सहित 40 से अधिक देशों के 12 करोड़ से अधिक पर्यटन प्रेमियों को आकर्षित करेगा।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

- ट्रेवलएक्सपी चैनल पर यह शो सब्सक्रिप्शन लेने वाले दर्शकों के लिए प्री-रिलीज़ भी किया जाएगा।

मध्य प्रदेश की प्राची ने पेरा ओलंम्पिक में कोटा हासिल किया

ग्वालियर निवासी वाली प्राची यादव का चयन अन्तराष्ट्रीय केनो संघ द्वारा टोक्यो (जापान) पेरा ओलंम्पिक के लिए किया गया है | मध्य प्रदेश की इस खिलाडी को यह कोटा VL2-200 मीटर महिला केटेगरी में मिला है।

अन्य तथ्य -

- यह पहली बार हैं जब कयाकिंग केनोइंग में मध्य प्रदेश के किसी खिलाड़ी ने ओलंम्पिक के क्वालीफाई किया है।
- 22 वर्ष की इस प्रतिभाशाली खिलाड़ी पिछले चार सालों से मध्य प्रदेश कयाकिंग एंव कैनोइंग संघ द्वारा संचालित अभ्यास सत्र में कोच मयंक ठाकुर के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है।
- यह कोटा प्राची यादव को 2019 के वर्ल्ड चैम्पियनशिप के आधार पर प्राप्त हुआ है।

पत्रकार श्री प्रभु जोशी का निधन

इंदौर के प्रसिद्ध साहित्यकार, चित्रकार और पत्रकार श्री प्रभु जोशी का 4 मई को निधन हो गया |

- श्री प्रभु जोशी के व्यक्तित्व में एक चित्रकार, कहानीकार, संपादक, आकाशवाणी अधिकारी और टेली फिल्म निर्माता थे |
- श्री प्रभु जोशी को भारत भवन का चित्रकला और मध्यप्रदेश साहित्य परिषद का कथा-कहानी के लिए अखिल भारतीय सम्मान भी प्राप्त किया जा चुका है |
- उन्हें मध्यप्रदेश संस्कृति विभाग द्वारा गजानन माधव मुक्तिबोध फैलोशिप भी प्रदान की जा चुकी है |
- प्रभु जोशी को यूएसए की गैलरी फॉर केलिफोर्निया के जलरंग के लिए थामस मोरान अवॉर्ड से भी नवाजा जा चुका है |

प्रदेश के पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा का निधन

मध्य प्रदेश के पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा का कोरोना के चलते 31 मई को 60 वर्ष की उम्र में निधन हो गया |

लक्ष्मीकांत शर्मा की उपलब्धियां-

Follow us on Telegram Gradeup PCS & Other State Exams
Gradeup: PCS & State Exams 137K subscribers Subscribe Now

- पूर्व मंत्री लक्ष्मीकांत शर्मा पहली बार साल 1993 में 10वीं विधानसभा के लिए हुए चुनाव में विधायक चुने गए थे। इसी कार्यकाल में उन्हें उत्कृष्ट विधायक के लिए पुरस्कृत भी किया गया था।
- उसके बाद वह साल 1998, 2003 और 2008 में सिरोंज विधानसभा क्षेत्र से लगातार विधायक चुने गए।
- वह लगातार चार बार विजयी शर्मा उमा भारती के कार्यकाल में राज्यमंत्री बनाए गए। इस दौरान उन्होंने खनिज और जनसंपर्क विभाग भी संभाला।
- उन्हें बाबूलाल गौर की सरकार के तहत खनिज और संस्कृति मंत्री नियुक्त किया गया था।
- लक्ष्मीकांत शर्मा ने प्रदेश में शिवराजसिंह चौहान की सरकार के तहत उच्च शिक्षा मंत्री का पद भी संभाला था।

Follow us on Telegram
Gradeup PCS & Other State Exams

Gradeup: PCS & State Exams
137K subscribers
Subscribe Now

gradeup SUPER

Why Gradeup Super Subscription?

With Gradeup Super you get

- Structured Live Courses with the daily study plan
- Full syllabus coverage of Exam with live classes,
- Study notes and interactive quizzes.
- Get mock tests of different exams for better preparation
- Prepare with India's best Faculty with a proven track record
- Complete Doubt Resolution by Mentors and Experts
- Performance analysis and Report card to track improvement

www.gradeup.co

Sahi Prep Hai To Life Set hai